G. S. College of Commerce & Economics (Autonomous)
Jabalpur-MP
Affiliated to R.D.V.V, Jabalpur
est. 1948
( NAAC Accredited and AICTE Approved )

---

# महाविद्यालय स्थापना दिवस समारोह

आज दिनांक 01/07/2025दिन मंगलवार को गोविंदराम सेकसरिया अर्थ वाणिज्य स्वशासी महाविद्यालय जबलपुर में महाविद्यालय स्थापना दिवस समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ अलकेश चतुर्वेदी, प्राचार्य ,प्रधानमंत्री एक्सिलेन्स महाकौशल स्वशासी महाविद्यालय जबलपुर, तथा अध्यक्ष डॉ अमरेन्द्र पाण्डेय ,अध्यक्ष शासी निकाय शिक्षा मंडल ,मध्यप्रदेश रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर तथा वाग्देवी सरस्वती पूजन से किया गया छात्र छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना, हरि भजन , देशभक्ति गीत और नृत्य कि प्रस्तुति दी गई। इसके पूर्व अतिथियों ने महाविद्यालय प्रांगण में अवस्थित विभूतियों ( स्व. श्री जमनालाल बजाज, स्व .श्री कमल नयन बजाज, स्व .श्री वाय एस धर्माधिकारी, स्व. श्री सी एस धर्माधिकारी, स्व .श्रीमती शुभदा पाण्डेय एवं महाविद्यालय के पूर्व छात्र शहीद श्री शैलेत्र्द विक्रम सिंह जी)कि प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नरेशचंद्र त्रिपाठी एवं अन्य वरिष्ठ प्राध्यापकों ने अतिथियों का पुष्पगुच्छव,शाल वश्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया। इसके बाद महाविद्यालय के प्राचार्य जी ने महाविद्यालय कि स्थापना तथा विकास यात्रा को विस्तार से बताया तथा सभी पूर्व प्राचार्यों एवं प्राध्यापकों तथा कर्मचारियों के महाविद्यालय के लिए किये गये योगदान को भी सराहा। महाविद्यालय कि शोध छात्रा रिया अग्रवाल को मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग में सहायक प्राध्यापक के पद पर सर्वोच्च अंकों से चयन होने पर सम्मानित किया गया। इसके बाद मुख्य अतिथि डॉ अलकेश चतुर्वेदी जी ने गोविंदराम सेकसरिया महाविद्यालय के स्तुत्य प्रयासों और योगदान को सराहा और उज्जवल भविष्य कि कामना करते हुए अपनी बात रखी। डॉ अमरेन्द्र पाण्डेय जी ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि इस महाविद्यालय के विकास यात्रा में महाविद्यालय के प्राचार्यों, प्राध्यापकों और कर्मचारियों का विशेष सहयोग और योगदान रहा है। हमारा महाविद्यालय फेस्ट में नहीं वरन भारतीय ज्ञान परम्परा में विश्वास रखते हैं। हमारा महाविद्यालय अच्छा नागरिक और सच्चे मनुष्य बनाना चाहता है । इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं कर्मचारी गण तथा बहुत बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के द्वितीय चरण में,"समपोष्य विकास हेतु भारतीय ज्ञान परम्परा एवं आधुनिक तकनीक का एकात्म" विषय पर पैनल डिस्कशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें डॉ स्मृति शुक्ला जी प्राचार्य, शासकीय स्वशासी मान कुंवर बाई महिला महाविद्यालय जबलपुर ने शिक्षा के क्षेत्र में, डॉ बृजेश अरजरिया कृषि वैज्ञानिक जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय ने कृषि के क्षेत्र में, डॉ बह्मानंद त्रिपाठी प्राध्यापक भूगोल विभाग शासकीय स्वशासी मान कुंवर बाई महिला महाविद्यालय ने पर्यावरण के क्षेत्र में, डॉ लेफ्टिनेंट कर्नल आनंद शुक्ला जी ने स्वास्थ्य के क्षेत्र मे अपने बहुमूल्य विचार प्रस्तुत किये।कार्यक्रम का संचालन डॉ सुनील देशपांडे जी ने तथा आभार प्रदर्शन डॉ अशोक कुमार बैनर्जी ने किया|

# G. S. College of Commerce & Economics (Autonomous)
## Jabalpur-MP

**Affiliated to R.D.V.V, Jabalpur**

est. 1948

**( NAAC Accredited and AICTE Approved )**

---











# G. S. College of Commerce & Economics (Autonomous)
# Jabalpur-MP

**Affiliated to R.D.V.V, Jabalpur**

**( NAAC Accredited and AICTE Approved )**

est. 1948

---










